Haryana: हरियाणा में नकली शराब फैक्टरी का भंडाफोड़, केमिकल से बना रहें थे अंग्रेजी व देशी मंदिरा

Haryana: हरियाणा से बड़ी खबर सामने आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार, पानीपत जिले के समालखा कस्बे की सीताराम कॉलोनी में पुलिस ने अवैध नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मौके से एक आरोपी को काबू किया है जो कॉलोनी में किराए का मकान लेकर इस गलत धंधे को अंजाम दे रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में तैयार नकली अंग्रेजी व देशी शराब, केमिकल, शील लगाने की मशीन व अन्य सामग्री बरामद की है। Haryana News

जानकारी के मुताबिक, DSP मुख्यालय सतीश वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि CIA टू की टीम गश्त के दौरान समालखा में हथवाला रोड पर मौजूद थी। गुप्त सूचना मिली की समालखा की सीताराम कॉलोनी में कुछ व्यक्तियों ने मिलकर एक मकान को किराए पर लिया हुआ है।

वहां पर नकली शराब तैयार कर मार्केट में बेचने का अवैध काम किया जा रहा है। इसके बाद आबकारी विभाग की इंस्पेक्टर मुकेश रानी और समालखा पुलिस टीम को साथ लेकर मौके पर दबिश दी। Haryana News

जानकारी के मुताबिक, मकान के कमरे में एक युवक शराब की बोतल पर रॉयल स्टेग का लेबल लगाते मिला। पास में शील लगाने की मशीन, काफी संख्या में ढक्कन व गत्ता पेटी मिली। आरोपी की पहचान विकास निवासी गांव पट्टीकल्याणा के रूप में हुई। आरोपी को गुरुवार को कोर्ट में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, मौके पर कमरा चेक करने पर अंदर 15 बोतल रॉयल स्टैग व 6 पव्वे देसी शराब मार्का माल्टा, केमिकल से भरा एक ड्रम व तीन कैन व तैयार शुदा नकली शराब के भरी दो प्लास्टिक कैनी, रॉयल स्टेग की 250 खाली बोतल, बोतल के ढक्कन से भरे दो कट्टे व एक बैग, शराब मार्का के लेबल, टेप, प्लास व एक शील लगाने की मशीन बरामद हुई।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस टीम ने बरामद नकली शराब व केमिकल सहित उक्त सारा सामान कब्जे में लेकर थाना समालखा में बीएनएस की धारा 274, 275, 318(2), 336(3), 340 और एक्साइज एक्ट व कॉपी राइट एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

Source: https://bhiwanihalchal.com/haryana/haryana-fake-liquor-factory-busted-in-haryana-made-from/cid16105805.htm